तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 हर दिन तिरंगे को सलामः नवागढ़ के गुरुकुल...



12 युद्ध के चलते मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों को ...



**खबर संक्षेप**

### ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो सवार बुजुर्ग की मौत

**कुम्हारी ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कुम्हारी महाराष्ट्र बैंक के पास सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 8 बजे देवभोग दूध डेयरी से मजदूरी कर ऑटो में गोगांव रायपुर लौट रहे मजदूरों से भरी ऑटो को टमाटर से भरी आईचर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में ऑटो सड़क पर ही पलट गया। उसमें सवार गोगांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग टीकाराम खूंटे का उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार चार अन्य लोग बुरी तरह घायल है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ऑटो सीजी 04टीए 1947 एवं आईचर वाहन 04 एनएन 3322 दोनों वाहनों को थाने में रखा गया है। दोनों वाहन भिलाई की ओर से रायपुर जा रहे थे। आईचर में टमाटर भरा हुआ था। हादसे में घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस मामले में जांच में जुटी हुई है।

### हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 14 फरवरी को कृष्णा नगर फरीद मोहल्ला निवासी सलमान उद्दीन शाम को अन्य मकान के पास खड़ा था। तभी कृष्णा नगर निजामी चौक हड्डी गोदाम के पास रहने वाला आरिफ कुरैशी वहां पहुंचा, पुरानी बातों को लेकर सलमान से विवाद करना शुरु कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी अपने पास रखे धारदार हथियार से सलमान पर हमला कर दिया। आरोपी ने हत्या करने की नियत से सलमान के दाहिने गाल और बाएं सीने में वार किया था। जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से आरोपी फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी आरिफ कुरैशी को पकड़ लिया।

### मटियामोती से बुझेगी शहर की प्यास

**राजनांदगांव।** शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जल स्तर कम होने के कारण रॉ-वाटर प्रदाय के लिए महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बालोद को मटियामोती जलाशय से नगर निगम राजनांदगांव के लिए आरक्षित पानी में से पानी छोड़ने पत्र लिखा गया था। जिसके परिपालन में 10 मार्च को मटियामोती जलाशय से पानी छोड़ने की कार्रवाई की गई। गत माह महापौर श्री यादव द्वारा मटियामोती जलाशय का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार पानी लेने निर्देश दिया गया था। निर्देशानुसार पत्राचार कर पानी लेने प्रक्रिया की गई। गर्मी बढ़ने पर एनीकट में पानी की संग्रहण क्षमता अनुसार मोगरा जलाशय से भी पानी लिया जाएगा।

# खपरी मार्ग पर पुल के पास सड़क बदहाल, गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा

## बड़े-बड़े गड्ढों से यातायात बाधित, राहगीर और वाहन चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

खपरी मार्ग पर पुल के आसपास सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे अब गंभीर समस्या बन चुके हैं। ये गड्ढे न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि इस सड़क से जनप्रतिनिधियों और जिले के अधिकारियों का भी लगातार आना-जाना लगा रहता है, लेकिन इसके बावजूद समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। निर्माण के दौरान ही ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायत भी की थी, लेकिन उस समय भी जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

### गड्ढों से बचने के चक्कर में गलत दिशा में चल रहे वाहन

सड़क पर बने ये गड्ढे यातायात के लिए घातक साबित हो रहे हैं। गड्ढों से बचने के प्रयास में कई बार बाइक सवार गलत दिशा में वाहन ले जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। यह मुख्य मार्ग होने के कारण यहां यातायात का दबाव भी बना रहता है। सड़क पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गड्ढों में पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।



### जनप्रतिनिधियों ने मंत्री को भेजा पत्र

उक्त समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए ग्राम सरपंच गिरधारी निर्मलकर तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेंद्र निर्मलकर द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव एवं संबंधित विभाग को पत्र भेजकर शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की गई है।

### वर्क ऑर्डर जारी, जल्द होगी मरम्मत : एसडीओ

इस संबंध में एसडीओ सागर साहू ने बताया कि वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है और उक्त समस्या उनके संज्ञान में आ गई है। जल्द ही सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

### पुल के पास सड़क पर गहरे गड्ढे, बढ़ रहा हादसों का खतरा

खपरी पुल के समीप दोनों ओर की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। सड़क उखड़ने से गड्ढों में पानी भर जाता है, जिसके कारण वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता। विशेषकर दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर घायल हो रहे हैं।

## औसतन 46.5 प्रतिशत वृद्धि, ग्रामीण जमीन की कीमतों में भी भारी इजाफा

# नगरीय क्षेत्र में जमीन की नई गाइडलाइन दरें लागू, 22 से 100 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नगरीय क्षेत्रों में जमीन की नई गाइडलाइन दरें लागू कर दी गई हैं, जिसमें 22 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। औसतन लगभग 46.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ लागू हुई इन नई दरों से आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। जमीन की कीमतों में इस वृद्धि को लेकर लोगों में फिर से नाराजगी देखने को मिल सकता है, क्योंकि इससे जमीन की खरीदी-बिक्री के साथ-साथ रजिस्ट्री और अन्य शुल्क भी महंगे हो जाएंगे।

प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2025–26 के लिए नई गाइडलाइन दरों का निर्धारण वर्ष 2019–20 की पूर्व दरों, प्रस्तावित संशोधनों और वर्तमान क्षेत्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उप पंजीयक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की दरों में संशोधन कर नई गाइडलाइन लागू की गई है, ताकि बाजार की वास्तविक स्थिति के अनुरूप दरें तय की जा सकें। हालांकि आम नागरिकों का कहना है कि जिस प्रकार से दरों में वृद्धि की गई है, उससे जमीन खरीदना और भी कठिन हो जाएगा। लोगों का आरोप है कि रायपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे बड़े शहरों में प्रस्तावित गाइडलाइन दरों में कमी की गई, जबकि बेमेतरा जैसे जिलों में प्रस्तावित ऊंची दरों को लगभग यथावत रखते हुए लागू कर दिया गया है।

### जमीन की रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी महंगी होगी

- जमीन खरीदना होगा महंगा, नगरीय क्षेत्रों में गाइडलाइन दरों में बड़ा इजाफा
- सरकार के फैसले से बढ़ी चिंता, आमजन में नाराजगी,जमीन की खरीदी-बिक्री पर पड़ेगा असर
- आम नागरिकों के लिए जमीन खरीदना मुश्किल




**महीनों पहले प्रस्तावित थी सौ प्रतिशत से अधिक वृद्धिः** दरअसल कुछ महीने पहले प्रशासन द्वारा पूरे प्रदेश में जमीन की गाइडलाइन दरों में 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया गया था, जिसका आम जनता और विभिन्न संगठनों ने जोरदार विरोध किया था। विरोध के बाद शासन ने प्रस्तावित दरों पर पुनर्विचार करते हुए जिला प्रशासन को नए सिरे से परीक्षण कर दरें प्रस्तावित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन लोगों का आरोप है कि आमजनों की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए लगभग उसी आधार पर नई दरें लागू कर दी गईं।

**बढ़ती दरों से बढ़ेगा रजिस्ट्री का खर्चः** जमीन की गाइडलाइन दर बढ़ने से रजिस्ट्री, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य सरकारी शुल्क भी बढ़ जाएंगे। इससे आम नागरिकों के लिए जमीन खरीदना और मकान बनाना पहले की तुलना में और महंगा हो जाएगा। जानकारों का मानना है कि यदि दरों में इस तरह अचानक वृद्धि की गई तो जमीन की खरीदी-बिक्री पर भी असर पड़ सकता है। वहीं लोगों के बीच सरकार और प्रशासन के खिलाफ विरोध के स्वर तेज होने की संभावना भी जताई जा रही है।

### कई वार्डों में 20 से 100 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

जारी जानकारी के अनुसार शहीद हेमू कल्याणी वार्ड में वर्ष 2019–20 में गाइडलाइन दर 18,500 रुपये थी। प्रस्तावित दर 11,400 रुपये रखी गई थी, जिसे संशोधित कर अब 22,500 रुपये तय किया गया है। इसी वार्ड की दूसरी श्रेणी में 31,000 रुपये की दर को बढ़ाकर 38,000 रुपये कर दिया गया है। रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में वर्ष 2019–20 की 29,000 रुपये की दर को बढ़ाकर अब 58,000 रुपये निर्धारित किया गया है, जो लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वहीं बाबासाहेब वार्ड में 65,000 रुपये की दर को संशोधित कर 84,000 रुपये कर दिया गया है, जो लगभग 29 प्रतिशत अधिक है। बाजार पारा और मस्जिद वार्ड में 74,000 रुपये की पूर्व दर को आधार बनाते हुए अब 88,800 रुपये निर्धारित किया गया है, जो करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि है।

**ग्रामीण जमीनों की कीमतों में भी भारी उछालः** नई गाइडलाइन दरों का असर केवल शहरों तक सीमित नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमीन की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि दर्ज कर दी गई है। कई गांवों में जहां पहले जमीन की कीमत 7 लाख से 10 लाख रुपए थी उसे लगभग 27 लाख रुपये प्रति एकड़ से लेकर 1 करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच गई है।

# डंगनिया स्कूल के दो छात्रों का इंस्पायर अवार्ड मानक में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया





विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2025-26 के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डंगनिया के दो प्रतिभाशाली छात्रों का चयन होने से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस वर्ष विद्यालय से दो छात्रों का चयन होना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

- जल स्तर सूचक और अपशिष्ट प्रबंधन मॉडल से छात्रों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

विद्यालय की छात्रा सुमन साहू ने जल स्तर सूचक तथा छात्र अमर साहू ने अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित नवाचार मॉडल विकसित किया है। दोनों के मॉडलों का चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया गया है, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य बिजेराम साहू, संकुल समन्वयक राजू पटेल, विद्यालय के प्रधानपाठक नन्दकुमार मस्तके, विज्ञान शिक्षक संजय मनहरे, हाईस्कूल डंगनिया की व्याख्याता अर्चना नागवंशी, टेकूराम साहू एवं जयराम चंदेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उल्लेखनीय है कि दोनों छात्र ग्राम पतोरा के निवासी हैं, जहां से पूर्व में भी कई विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के लिए चयन हो चुका है।इस उपलब्धि पर ग्राम डंगनिया के सरपंच मदन वर्मा सहित ग्रामवासियों ने खुशी जताई। वहीं ग्राम पतोरा के सरपंच दिवाकर साहू, उपसरपंच हेमराज साहू, सामाजिक सचिव विनोद साहू, संतराम साहू, द्वारिका साहू, कृष्णा मंडल, नारायण साहू, राजेश साहू, सुखदेव साहू, नागेश्वर साहू, त्रिवेणी एवं संगीत साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों को गांव, समाज और विद्यालय का गौरव बताते हुए छात्र अमर साहू एवं उनके पालक डॉ. सुंदरलाल साहू तथा कु. सुमन साहू एवं उनके पिता गजानंद साहू को बधाई दी। सभी ने इसे ग्राम और विद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताते हुए दोनों छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# देवकर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पंचायत देवकर के वार्ड क्रमांक 03 सहित विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का संयुक्त निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में हाई स्कूल के पास स्थित 240 केएलडी क्षमता वाले ओवरहेड टैंक तथा घरों तक पहुंच रहे पानी की स्थिति का स्थल पर परीक्षण किया गया।

- घरों में पानी पूरी तरह स्वच्छ, पारदर्शी और उपयोग योग्य

निरीक्षण के दौरान जलापूर्ति व्यवस्था की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। साथ ही वार्डों में घर-घर पहुंच रहे पानी की गुणवत्ता की भी जांच की गई। निरीक्षण में पाया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में सप्लाई किया जा रहा पेयजल साफ एवं उपयोग योग्य है। किसी भी स्थान पर गंदे या बदबूदार पानी की आपूर्ति होने की पुष्टि नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान देवकर निवासी मिथुन राजपूत, कृष्णा सिन्हा, आशीष पटेल तथा गौतम जैन सहित अन्य नागरिकों के घरों में लगे नलों से आने वाले पानी का भी परीक्षण किया गया। सभी स्थानों पर पानी स्वच्छ पाया गया और नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति होने की पुष्टि हुई। जलापूर्ति व्यवस्था के तहत हाई स्कूल के पास स्थित ओवरहेड टैंक की भी जांच की गई। टैंक के पानी की गुणवत्ता का परीक्षण करने पर किसी भी प्रकार की गंदगी या दुर्गंध नहीं पाई गई। निरीक्षण में यह भी स्पष्ट हुआ कि जलापूर्ति प्रणाली के माध्यम से प्रदूषित पानी सप्लाई होने की कोई स्थिति नहीं है। नगर पंचायत द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण के आधार पर स्पष्ट किया गया है कि देवकर नगर में आपूर्ति किया जा रहा पानी पूर्णतः स्वच्छ एवं सुरक्षित है। वर्तमान में जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है तथा नागरिकों को साफ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

नगर पंचायत ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी जलापूर्ति से संबंधित कोई समस्या सामने आती है तो उसकी जानकारी तुरंत नगर ▶▶| शेष पेज 13 पर

# रंग, संस्कृति व महिला नेतृत्व का संगमः सीएम निवास में होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के साथ गुलाल लगाकर होली मनाई,कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी सहित जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी विशेष रूप से शामिल रहीं और उन्होंने महिला नेतृत्व की सक्रियता को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं,पूरे वातावरण में उत्साह, आत्मीयता और भारतीय परंपरा की झलक देखने को मिली।

- मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने खेली होली



कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने सामाजिक समरसता और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया,इस अवसर पर महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी ने यह संकेत दिया कि प्रदेश में महिला शक्ति लगातार मजबूत हो रही है और सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में उनकी भूमिका निर्णायक बनती जा रही है,महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लेकर संगठन की एकजुटता को प्रदर्शित किया। बेमेतरा जिला भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास में आयोजित यह होली मिलन कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण और संगठन की ऊर्जा का प्रतीक है, उन्होंने कहा भाजपा संगठन ने महिलाओं को जो सम्मान और अवसर दिया है, उसी का परिणाम है कि आज महिलाएं समाज और राजनीति दोनों क्षेत्रों में मजबूती से आगे बढ़ रही हैं, महिला मोर्चा सेवा, संस्कार और राष्ट्रभावना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने सभी को होली की शुभकामनाएं ▶▶| शेष पेज 13 पर

## अध्यक्ष को जानकारी दिए बिना परिषद बैठक कराने, आवास योजना व खरीदी में अनियमितता के आरोप

# देवकर नपं में प्रशासनिक गहराया विवाद, सीएमओ के खिलाफ 9 बिंदुओं में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

देवकर नगर पंचायत में प्रशासनिक खींचतान खुलकर सामने आते जा रही है । नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) केशराम साहू के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नवा रायपुर तथा संयुक्त संचालक नगरीय विकास विभाग दुर्ग संभाग से लिखित शिकायत की है।

शिकायत में कुल 9 बिंदुओं के माध्यम से परिषद बैठक, आवास योजना और निर्माण कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि इससे पहले 23 फरवरी को उन्होंने आवास योजना व निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत कलेक्टर बेमेतरा से भी की थी। आरोप है कि जांच शुरू होने से पहले ही 26 फरवरी को सीएमओ केशराम साहू ने अपने ऊपर लगे आरोपों को काल्पनिक और तथ्यहीन बताते हुए जनसंपर्क विभाग के माध्यम से खंडन प्रतिवेदन जारी कर दिया। वहीं शिकायत के करीब 15 दिन बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने 9 मार्च को मंत्रालय स्थित नगरीय प्रशासन विभाग में विस्तृत शिकायत भेजी। शिकायत में कहा गया है कि 12 जनवरी को सामान्य परिषद की बैठक अध्यक्ष को जानकारी दिए बिना ही आयोजित कर ली गई। साथ ही कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भी अध्यक्ष को दूर रखा गया, जिसे निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अधिकारों का हनन बताया गया है। अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नियमों के विपरीत निर्वाचित पार्षद व पार्षद पुत्र को अनुज्ञा भवन पत्र जारी किया गया, जो छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 84 का उल्लंघन है। इसके अलावा विधायक प्रतिनिधि के स्वीकृत आवास में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है।




### निष्पक्ष जांच की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने कहा कि सीएमओ द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की अनदेखी लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है और इससे लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### वाहन चालक को दिया महत्वपूर्ण दायित्व

शिकायत में यह भी कहा गया है कि वाहन चालक सोहन साहू को जनसूचना अधिकारी और लोक निर्माण विभाग का कार्य सौंप दिया गया, जो नियमों के विरुद्ध बताया गया है। इसके अलावा अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता के दौरान जेम पोर्टल के माध्यम से लगभग 13.50 लाख रुपए बाजार मूल्य वाले मेन लोडर को 22.50 लाख रुपए में खरीदा गया। इसके अलावा राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत सरोवर धरोहर के पास एनजीटी के 50 मीटर बफर जोन में सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण की भी शिकायत की गई है।

# सड़क पर रखे पत्थरों से बढ़ रहा हादसों का खतरा, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर के वार्ड क्रमांक 8 के मुख्य मार्ग और गलियों में नाली के ऊपर तथा सड़क किनारे पत्थर रखे जाने से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। सड़क के बीचो-बीच और किनारे रखे गए इन पत्थरों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यहां कई वर्षों से पत्थर का व्यवसाय किया जा रहा है और पत्थरों को सड़क के समीप रखने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

- कई बार समझाइश और नोटिस के बाद भी नहीं हटाए गए पत्थर, कार्रवाई की मांग

इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। कई बार वाहन चालक पत्थरों से टकराकर गिर चुके हैं और घायल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के किनारे पत्थर रखने वाले दो व्यक्ति हैं। इनमें से एक व्यक्ति पेशे से वकील हैं, जिनका नाम मिथिलेश यादव है, जबकि दूसरे व्यक्ति अरुण यादव पेशे से दर्जी का कार्य करते हैं। लोगों का कहना है कि इन दोनों को कई बार समझाने-बुझाने के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा नोटिस और मौखिक समझाइश भी दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।



### रात के समय और बढ़ जाती है दुर्घटना की संभावना

सार्वजनिक सड़क पर इस तरह पत्थर रखने से न केवल वाहन चालकों बल्कि पैदल चलने वाले लोगों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। विशेषकर रात के समय दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। इस संबंध में नगर पंचायत के सीएमओ का ध्यान भी आकृष्ट कराया गया है, लेकिन अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। एक ओर शासन ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया विज्ञान का महत्व

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. डाकेश्वर वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते विज्ञान के महत्व तथा समाज और मानव जीवन में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. वर्मा ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने, जिज्ञासा बनाए रखने और शोध के प्रति रूचि बढ़ाने प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विज्ञान के माध्यम से नई खोजें और नवाचार संभव है, जो समाज के विकास और मानव जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. वर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार की दिशा में भी आगे बढ़ें, ताकि देश के वैज्ञानिक विकास में योगदान दे सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न भी रखे। प्राचार्य डॉ. मंडावी, संयोजक डॉ. मेमन साहू तथा प्राध्यापकों ने डॉ. वर्मा के प्रेरणादायक संबोधन की सराहना करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होते हैं।

### स्कूलों को मिले समय पर शिक्षक : विपिन

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने प्रदेश में प्रस्तावित 5000 शिक्षकों की भर्ती परीक्षा को अक्टूबर-नवंबर में आयोजित किए जाने पर आपत्ति जताते कहा कि जब स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, तब परीक्षा को इतने लंबे समय तक टालना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जब भर्ती करनी ही है तो विलंब करने का कोई अर्थ नहीं है। यह निर्णय छात्रों के हित में नहीं है। सरकार को शिक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा घोषित संभावित तिथियां शिक्षा व्यवस्था की तात्कालिक आवश्यकता के अनुरूप नहीं है। यदि परीक्षा अक्टूबर और नवंबर में आयोजित की जाएगी तो नियुक्ति प्रक्रिया और आगे खिसक जाएगी। जिससे नए शिक्षा सत्र में भी स्कूलों को शिक्षकों का इंतजार करना पड़ेगा। यह स्थिति विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय के समान है।

## संचालक राजेश धर दीवान रोज करते हैं राष्ट्रध्वज फहराकर दिन की शुरुआत

# हर दिन तिरंगे को सलाम: नवागढ़ के गुरुकुल विद्यालय में 10 वर्षों से जारी अनोखी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

देशभक्ति केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी तक सीमित नहीं होती, इसे रोजमर्रा के जीवन में भी जिया जा सकता है। नवागढ़ के सुकुल पारा स्थित गुरुकुल विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने इसे सच कर दिखाया है। वे पिछले 10 वर्षों से प्रतिदिन अपने विद्यालय में राष्ट्रध्वज फहराकर देशभक्ति की अनोखी परंपरा निभा रहे हैं।

- 91 वर्षीय मां जमुना दीवान भी राष्ट्रगान में होती हैं शामिल, विद्यार्थियों के लिए बनती हैं प्रेरणा

इस पहल की शुरुआत 23 जनवरी 2016 को की गई थी। तब से लेकर आज तक हर सुबह विद्यालय परिसर में पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराया जाता है। राष्ट्रगान के साथ दिन की शुरुआत होती है और देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए विशेष प्रार्थना की जाती है। शाम को भी पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज को उतारा जाता है।

### 91 वर्ष की मां भी रोज बनती हैं देशभक्ति की मिसाल

इस परंपरा की सबसे भावनात्मक तस्वीर तब दिखाई देती है जब राजेश धर दीवान की 91 वर्षीय माता जमुना दीवान भी ध्वजारोहण के समय उपस्थित रहती हैं। वृद्धावस्था के बावजूद वे पूरे सम्मान के साथ खड़े होकर राष्ट्रगान गाती हैं। उनका यह अनुशासन और देशप्रेम विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों के लिए विशेष प्रेरणा बन जाता है।





### नवीन जिंदल से मिली प्रेरणा

राजेश धर दीवान बताते हैं कि उन्हें उद्योगपति और सांसद नवीन जिंदल से प्रेरणा मिली, जिन्होंने आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार दिलाने के लिए अभियान चलाया था। उसी प्रेरणा से उन्होंने अपने विद्यालय में प्रतिदिन ध्वजारोहण की परंपरा शुरू की, जो अब 10 वर्षों से लगातार जारी है।

### देशभक्ति कार्यक्रमों में शामिल हो चुकी हैं कई राष्ट्रीय हस्तियां

गुरुकुल विद्यालय में समय-समय पर देशभक्ति और प्रेरणादायी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में देशसेवा से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल हो चुके हैं। इनमें प्रमुख रूप से कारगिल युद्ध के वीर योद्धा दीप चंद नायक, भारतीय वायु सेना के पूर्व ग्रुप कमांडर सतीश



मिश्रा, शहीद कौशल यादव की पत्नी निशा यादव, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के ऑपरेशन में शामिल कमांडो दिनेश साहू तथा सर्जिकल स्ट्राइक में शामिल कमांडो जितेंद्र बघेल शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न चुनावों के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था में तैनात रहने वाले सैनिकों का भी हर बार विद्यालय में सम्मान किया जाता है। आसपास के कई सैनिक और पूर्व सैनिक भी इन कार्यक्रमों में शामिल होकर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं। **प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सराही पहल :** विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में कई प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होकर इस पहल की सराहना कर चुके हैं। इनमें तत्कालीन एसपी प्रशांत ठाकुर और आईएएस महादेव कावरे जैसे अधिकारी भी गुरुकुल विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रेरित कर चुके हैं।

### आसपास के गांवों में भी शुरू हुई परंपरा

राजेश धर दीवान की इस पहल का असर आसपास के गांवों में भी दिखाई देने लगा है। ग्राम बाघुल में भी उनके अनुकरण पर वर्षों से नियमित ध्वजारोहण की परंपरा चल रही है, जहां ग्रामीण रोज तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान के साथ दिन की शुरुआत करते हैं।

### परिवार का भी मिला पूरा साथ

राजेश धर दीवान की पत्नी मेघा दीवान का कहना है कि राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की यह भावना उनके परिवार के लिए गर्व की बात है। विद्यालय में होने वाले ध्वजारोहण और देशभक्ति कार्यक्रमों में पूरा परिवार सहयोग करता है और बच्चों में राष्ट्रप्रेम का संस्कार देना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

### व्यापार मेला के मंच पर मिला सम्मान

राजेश धर दीवान के इस निरंतर और प्रेरणादायी कार्य को देखते हुए 10 मार्च को आयोजित बेमेतरा व्यापार मेला के मंच पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवागढ़ के समाजसेवी विकास धर दीवान ने कहा कि आज के समय में जब देशभक्ति कई बार औपचारिक आयोजनों तक सीमित रह जाती है, ऐसे में हमारे चाचा राजेश धर दीवान ने इसे अपने दैनिक जीवन की परंपरा बना दिया है। नवागढ़ में हर सुबह तिरंगे को सलाम करने की यह पहल आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय बन चुकी है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में जिपं अध्यक्ष ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम लांटा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी और युवा खिलाड़ी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे जोश, उत्साह और खेल भावना के साथ अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरे मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के खेल आयोजनों का विशेष महत्व है। इससे युवाओं की प्रतिभा को मंच मिलता है और वे शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं।

- खेल से बनता है अनुशासन और आत्मविश्वास : कल्पना

उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम भी है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल भारत की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में इन खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह देखना बेहद सुखद है। उन्होंने युवाओं को खेलकूद के प्रति अधिक से अधिक प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। स्वस्थ युवा ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी और निरंतर अभ्यास, अनुशासन तथा मेहनत से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए ग्रामीणों और युवाओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण सरपंच चंद्रकला होरीलाल यादव, उपसरपंच राजेश परगनिहा, पंच खिलावन निषाद, त्रिवेणी यादव, संतोष निषाद, दिनेश परगनिहा, रमाकांत निषाद, तिलक निषाद, गौतम यादव, मोहन निषाद, योगेश परगनिहा, केशव यादव सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर जोर, नवगठित जिला कार्यकारिणी का हुआ पहला सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी की नवगठित जिला कार्यकारिणी का प्रथम सम्मेलन बुधवार को उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। यह सम्मेलन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ की अध्यक्षता में तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

- अनुशासन, समर्पण और एकजुटता से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान

सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने और जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी का अनुशासन हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों, महामंत्रियों और सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण, अनुशासन और ईमानदारी के साथ कार्य करना ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ संगठन को मजबूत बनाने में जुटें और कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों तथा विचारधारा को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रियता पर निर्भर करती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें ताकि संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

### इनकी रही मौजूदगी

सम्मेलन में प्रमुख रूप से रवि परघनिया (कोषाध्यक्ष), सुमन गोस्वामी (महामंत्री), चंद्रप्रकाश तिवारी, प्रांजल तिवारी, रश्मि मिश्रा, कविता साहू, विजय बघेल, लुकेश वर्मा, विजय पारख, जितेंद्र, हरीश साहू, मनीष सिंह परिहार, अजय राज सेन, लीलाराम निषाद, मोहित वर्मा, दीनबंधु साहू, कुमार सिंह पटेल, बेनलाल कुर्रे, झम्मन पटेल, ओमकार कुजाम, सतीश मरकंडेय, गोरेलाल चंद्राकर, सुरेश दुबे, राजेंद्र दुबे, रामसिंह गायकवाड़, शशिप्रभा, रूबी सलूजा, रीता पांडेय, सविता साहू, देवेंद्र कुमार, भाओसिंह राज, मितलेश वर्मा, विवेक सुमित राजपूत, रोशन सिन्हा, ईश्वर वर्मा, सुनील साहू, अश्वनी अनंत, गणेश राजपूत, बलराम, अशोक जायसवाल, चंद्रशेखर, छोटेलाल साहू, विनय सिंह, पार्वती पटेल, शेख आसिफ कुरैशी, शिवकुमार वर्मा, अनिल दुबे, जयप्रकाश राज, यवन डिंडोरे सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं को पहचान और सम्मान देती है:जांगिड़

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि पार्टी के विस्तार और मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं में जज्बा, समर्पण और प्रतिबद्धता का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं को पहचान और सम्मान देती है, इसलिए सभी को संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया।

### समन्वय और आपसी सौहार्द बनाए रखना जरूरी: बंजारे

वहीं नवागढ़ के पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के बीच एकता, समन्वय और आपसी सौहार्द बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता मिलकर और एकजुट होकर कार्य करते हैं, तभी संगठन मजबूत बनता है और पार्टी की विचारधारा समाज के हर वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचती है। सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने आगामी समय में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक तेज करने, संगठन विस्तार को बढ़ावा देने तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया ।कार्यक्रम के अंत में ललित विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नलजल मित्र कार्यक्रम के तहत युवाओं को बहु-कौशल प्रशिक्षण

**बेमेतरा।** कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिला परियोजना लाइवलिहुड कॉलेज बेमेतरा में जल जीवन मिशन के तहत चयनित ग्रामों के युवाओं को नलजल मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत बहु-कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । यह प्रशिक्षण जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर जल आपूर्ति व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव के लिए स्थानीय युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। 11 मार्च जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित ग्रामों के पात्र युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन, रखरखाव तथा उससे जुड़े विभिन्न तकनीकी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे भविष्य में इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।जिला परियोजना लाइवलिहुड कॉलेज बेमेतरा द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और उन्हें कौशल आधारित रोजगार के लिए आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



## पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार, चालान कटने से बढ़ी चिंता

# पूर्ण भुगतान के बाद भी नहीं मिली बाइक, शोरूम संचालक पर वाहन रोकने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देवकर क्षेत्र के एक उपभोक्ता द्वारा पूरी राशि जमा करने के बाद भी मोटरसाइकिल वापस नहीं मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष आवेदन देकर वाहन बरामद कराने और संबंधित शोरूम संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लुक, पोस्ट सहसपुर, तहसील देवकर निवासी कीर्ति सेन ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को लिखित शिकायत दी है।

शिकायत में बताया गया है कि उसने 30 जून 2023 को देवकर निवासी जितेंद्र सिंह राजपूत के शोरूम से एक टीवीएस मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 25 के 5510 खरीदी थी। प्रार्थी के अनुसार कुछ समय तक आर्थिक समस्या के कारण किश्तें जमा नहीं हो सकीं, जिसके बाद शोरूम संचालक द्वारा वाहन को अपने कब्जे में ले लिया गया था। बाद में प्रार्थी ने टीवीएस कंपनी के रायपुर स्थित शोरूम में जाकर वाहन की सभी बकाया किश्तों का पूरा भुगतान कर दिया, जिसकी रसीदें उसके पास सुरक्षित हैं।



### प्रार्थी के नाम पर कट रहे चालान

शिकायत में यह भी बताया गया है कि वाहन अभी भी प्रार्थी के नाम पर पंजीकृत है और लगातार ट्रैफिक चालान भी उसी के नाम से कट रहे हैं। ऐसे में यदि वाहन से भविष्य में कोई दुर्घटना या अप्रिय घटना होती है तो कानूनी रूप से उसकी जिम्मेदारी भी प्रार्थी पर आ सकती है,

### भुगतान के बाद भी नहीं लौटाई जा रही मोटरसाइकिल

पीड़ित कीर्ति सेन का आरोप है कि पूरी बकाया राशि जमा करने के बावजूद शोरूम संचालक द्वारा आज तक मोटरसाइकिल वापस नहीं की गई है। इतना ही नहीं, वर्तमान में वाहन किसके पास है और कौन उसका उपयोग कर रहा है, इसकी भी कोई जानकारी उसे नहीं दी जा रही है।

### पहले भी चौकी में पेश हुआ था वाहन

प्रार्थी ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में इस मामले की शिकायत किए जाने पर शोरूम संचालक ने वाहन को पुलिस चौकी में पेश किया था, लेकिन बाद में उसे फिर से अपने साथ ले गया। तब से लेकर अब तक वाहन वापस नहीं किया गया है।

### वाहन बरामद कर कार्रवाई की मांग

पीड़ित कीर्ति सेन ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उक्त मोटरसाइकिल को बरामद कर उसे वापस दिलाया जाए तथा वाहन का अवैध रूप से उपयोग करने वाले व्यक्तियों और शोरूम संचालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रार्थी ने आवेदन के साथ आरसी बुक की छायाप्रति, रायपुर शोरूम में जमा की गई किश्तों की रसीद, प्राप्त चालान की प्रतियां तथा इंश्योरेंस की कॉपी भी संलग्न की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है।

